तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 11 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 एआई और डिजिटाइजेशन से होगी सीएसआर प्रोजेक्ट्स ...





12 आने वाली पीढ़ी को विरासत में देंगे स्वच्छ ...





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
11 मई 2026
कूपन नं.
1


# बेरला सहकारी समिति में चना खरीदी ने पकड़ी रफ्तार, धीमा परिवहन बना बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिले में शासन-प्रशासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का कार्य तेज़ी से जारी है। सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेरला में इन दिनों किसानों की लगातार भीड़ देखी जा रही है।

विकासखंड में देवरबीजा के बाद बेरला दूसरा सबसे बड़ा चना खरीदी केंद्र बनकर उभरा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान अपना उत्पाद बेचने पहुंच रहे हैं। गर्मी के बावजूद किसान सुबह से ही खरीदी केंद्र में पहुंचकर तौल करवा रहे हैं। समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस खरीफ सीजन में करीब 900 पंजीकृत किसानों से 15 हजार क्विंटल चना खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक लगभग 3 हजार 500 क्विंटल चने की खरीदी पूरी की जा चुकी है, जबकि करीब 11 हजार 500 क्विंटल चना खरीदा जाना अभी शेष है। आने वाले दिनों में किसानों की आवक और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

हालांकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, लेकिन परिवहन व्यवस्था की धीमी गति अब चिंता का विषय बनती जा रही है। खरीदे गए चने का उठाव समय पर नहीं होने से उसे खुले फड़ में रखना पड़ रहा है। ऐसे में मौसम परिवर्तन या बारिश की स्थिति में स्टॉक को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है।

## मौसम परिवर्तन या बारिश की स्थिति में स्टॉक को नुकसान



### खरीदी केंद्र में तौल और अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक

समिति प्रबंधन का कहना है कि यदि परिवहन में तेजी नहीं आई तो भंडारण व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बढ़ सकता है। किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्र में तौल और अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, लेकिन उठाव में देरी से परेशानी बढ़ रही है। कई किसानों ने समय पर परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि खरीदी कार्य प्रभावित न हो। इस संबंध में सेवा सहकारी समिति बेरला के प्रबंधक एस.आर. कुम्भकार ने बताया कि शासन के नियमों का पालन करते हुए किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि समिति में लगातार खरीदी जारी है और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि परिवहन व्यवस्था में तेजी आने से खरीदी कार्य और अधिक सुचारू हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गौमाताओं की मौत को लेकर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**बेमेतरा/नवागढ़।** ग्राम झिरिया में गौमाताओं की मौत का आरोप लगाते हुए जिला युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा पुतले और प्रतीकात्मक शव को रोकने का प्रयास किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की एवं तीखी नोकझोंक हुई। इसके बावजूद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शन में शामिल भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रशासन का दुरुपयोग कर जनभावनाओं को दबाने का प्रयास कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को बदले की कार्रवाई बताया। पूर्व विधायक बंजारे ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार की संवेदनहीनता पर सवाल उठाए। वहीं प्रांजल तिवारी ने कहा कि गौमाताओं की मौत शासन की लापरवाही का परिणाम है और आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में सनतधर दीवान, सुशीला जोशी, झम्मन बघेल, हरीश साहू, शक्तिधर दीवान, लखन सिंह, मोंटू तिवारी, विजय बघेल, विनोद तिवारी, विजय यादव, लाला कटारे, शुभम गंधर्व, वैभव मिश्रा, अजय राज सेन, मनीष सिन्हा, भीखम साहू, हर्ष बघेल, राकेश गहिरे, वसीम मुनीर, अतुल साहू, वतन मिश्रा, गौरव छाबड़ा, राहुल जोशी, प्रिंस देहरे, संदीप साहू, आत्मानंद सारथी, कान्हा चौबे, शुभम सोनी और देवेंद्र सिन्हा सहित कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शक्तिनगर से सटोरिया गिरफ्तार

**भिलाई।** मोहन नगर थाना अंतर्गत शक्तिनगर में आईपीएल सट्टा खिलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आईपीएल क्रिकेट मैच में दांव लगाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर शक्ति नगर पानी टंकी के नीचे मैदान में मोबाइल फोन से क्रिकेट मैच पर सट्टा संचालित करने वाले को पकड़ा गया है। आरोपी से पूछताछ करने पर मोबाइल फोन में व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा संलन करना स्वीकार किया।

## व्यवस्था : वितरण का फार्मूला बदला, तय समूह के अनुसार ही मिलेगी खाद

# रासायनिक और नैनो उर्वरकों की नई सीमा तय, बड़े किसानों की बढ़ेगी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच कृषि विभाग ने जिले में रासायनिक एवं नैनो उर्वरकों के वितरण के लिए नई गाइडलाइन लागू कर दी है। कालाबाजारी रोकने और संतुलित उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाई गई इस व्यवस्था ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अब किसानों को उनकी भूमि के रकबे और निर्धारित समूह के अनुसार ही खाद उपलब्ध करायी जाएगी। बड़े किसानों को खाद एकमुश्त नहीं बल्कि दो किस्तों में मिलेगी, जिससे उन्हें बार-बार समितियों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। नई व्यवस्था के तहत फसलवार उर्वरक की पात्रता तय कर दी गई है। धान की खेती के लिए प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया के साथ 45 किलो अतिरिक्त यूरिया, एक बोरी डीएपी और एक बोरी पोटाश निर्धारित किया गया है। वहीं मक्का और दलहन फसलों के लिए भी सीमित मात्रा तय की गई है। किसानों का कहना है कि तय सीमा उनकी वास्तविक जरूरतों से कम है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। सरकार द्वारा पारंपरिक उर्वरकों की जगह नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। कई समूहों में नैनो उर्वरकों का कॉम्बो अनिवार्य जैसा बना दिया गया है, जबकि अधिकांश किसान अब भी पारंपरिक डीएपी को अधिक प्रभावी मानते हैं। इस कारण किसानों में नाराजगी देखी जा रही है।

■ लघु किसानों को एकमुश्त, बड़े किसानों को किस्तों में दी जाएगी





### बड़े किसानों को दो किस्तों में मिलेगा यूरिया

नई गाइडलाइन के अनुसार 5 एकड़ या उससे अधिक भूमि वाले किसानों को यूरिया दो समान किस्तों में दिया जाएगा। यदि किसान 10 जून तक पहली किस्त नहीं उठाते हैं तो दूसरी के लिए उन्हें पहली किस्त लेने के बाद कम से कम 20 दिन इंतजार करना होगा। वहीं 10 जून से पहले उठाव करने वाले किसानों को 1 जुलाई से दूसरी किस्त मिल सकेगी। केवल 4 एकड़ तक भूमि रखने वाले किसानों को ही एकमुश्त खाद देने का प्रावधान रखा गया है।

**निजी दुकानदारों को फायदा मिलने की आशंका:** किसानों का आरोप है कि सहकारी समितियों में केवल तय समूह के अनुसार ही खाद दिया जा रहा है। यदि किसी किसान को अतिरिक्त या अलग प्रकार का उर्वरक चाहिए तो उसे निजी दुकानों का सहारा लेना पड़ेगा। इससे निजी विक्रेताओं को फायदा मिलने और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### जटिल गणना से किसान परेशान

खाद वितरण के लिए बनाए गए नए समूहों में पात्रता निकालने की प्रक्रिया भी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। उदाहरण के तौर पर 18 एकड़ भूमि वाले किसान को 5-5 एकड़ के समूह की मात्रा को तीन बार जोड़कर फिर शेष 3 एकड़ की अलग गणना करनी होगी। कम पढ़े-लिखे किसानों के लिए यह प्रक्रिया समझना मुश्किल साबित हो रही है।

### छोटे किसानों को राहत बड़े किसान चिंतित

बुवाई के समय किसान पहले से खेती-किसानी के कार्यों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में खाद लेने के लिए बार-बार समिति जाना उनके समय और परिवहन खर्च दोनों को बढ़ाएगा। किसानों का कहना है कि हर खेत की मिट्टी और जरूरत अलग होती है, इसलिए एक समान अनुशंसित मात्रा हर जगह प्रभावी नहीं हो सकती। किसानों ने मांग की है कि वितरण प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और किस्तों की अनिवार्यता समाप्त कर एकमुश्त खाद उपलब्ध कराया जाए, ताकि खेती की तैयारी समय पर पूरी हो सके।

## ग्राम कुरदा में तहसीलदार की कार्रवाई 17 अवैध ईंट भट्ठों से लाखों ईंटें जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम पंचायत कोपेडबरी के आश्रित ग्राम कुरदा में शनिवार को प्रशासन ने अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 भट्ठों से करीब 10 लाख रुपए से अधिक की कच्ची एवं पक्की ईंटें जब्त कीं।

नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान लगभग 7 लाख पक्की और 3 लाख कच्ची ईंटों की जप्ती बनाकर ग्राम सरपंच हरदत्त साहू के सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा था। कोपेडबरी, गातापार, उमरावनगर और कुरदा सहित आसपास के गांव जिले के सबसे अधिक जल संकट वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। यहां जलस्तर 250 फीट से भी नीचे पहुंच चुका है, जिससे खेती और पेयजल दोनों पर संकट गहराने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध ईंट भट्ठों के संचालन से क्षेत्र का तापमान भी लगातार बढ़ रहा है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के रीवा, सतना और इटारसी क्षेत्र से आए मजदूर यहां बड़े पैमाने पर अवैध ईंट भट्ठों का संचालन कर रहे थे। इस संबंध में ग्राम कोपेडबरी के सरपंच हरदत्त साहू ने कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, एसडीएम पिंकी मनहर और तहसीलदार मोरध्वज साहू को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। ▶▶|शेष पेज 11 पर

■ खबर के प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया, अवैध ईंट भट्ठों पर चला राजस्व विभाग का शिकंजा

## करोड़ों की सड़क निर्माण में सुरक्षा से खिलवाड़ झाड़ियों के सहारे डायवर्जन से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बेमेतरा डिवीजन में साजा-बीजा मार्ग से खैरझिटी तक लगभग 3 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से बन रही सड़क इन दिनों निर्माण कार्य से ज्यादा अव्यवस्था और लापरवाही को लेकर चर्चा में है।

पुलिया निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी किए जाने से राहगीरों की जान जोखिम में पड़ गई है। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार गुलाबचंद जैन द्वारा कराया जा रहा है, जिसे जुलाई 2026 तक पूरा किया जाना है। वर्तमान में पुलिया निर्माण के चलते मुख्य मार्ग को बंद कर वैकल्पिक डायवर्जन बनाया गया है, लेकिन वहां सुरक्षा के नाम पर केवल पेड़ों की टहनियां, मिट्टी और पत्थर डालकर रास्ता रोक दिया गया है। न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही रेडियम युक्त बेरिकेड्स की व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में तो किसी तरह वाहन चालक अवरोध को देख लेते हैं, लेकिन रात के समय या तेज रफ्तार में चलने वाले वाहनों के लिए यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। सड़क पर डाली गई झाड़ियां और पत्थर दूर से दिखाई नहीं देते, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करोड़ों की सड़क परियोजना में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब निर्माण कार्य सरकारी मानकों के अनुसार किया जाना है, तब सुरक्षा नियमों की ऐसी अनदेखी क्यों की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थल पर तत्काल रेडियमयुक्त बेरिकेड्स, संकेतक बोर्ड और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आम लोगों की जान जोखिम में न पड़े।

मामले की जानकारी पीएमजीएसवाई के उप अभियंता यशवंत साहू तक पहुंचने पर उन्होंने गंभीरता दिखाते हुए ठेकेदार को तत्काल सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर जल्द ही चेतावनी सूचक बोर्ड और रेडियमयुक्त बेरिकेड्स लगाए जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन सुरक्षा से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने प्रशासन से नियमित मॉनिटरिंग कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि विकास की सड़क किसी बड़ी दुर्घटना का कारण न बने।

■ डायवर्जन मार्ग पर नहीं लगाए गए चेतावनी बोर्ड



## हथियार लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

घर के सामने गालीगलौज करते हुए हथियार लहराकर जान से मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया कुंजू बाई पति ताम्रज वर्मा 45 वर्ष निवासी ग्राम परसबोड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 9 मई को रात 9.30 बजे वह व उसका छोटा लड़का शंकर वर्मा खाना खाकर अपने बड़े बेटे रवि वर्मा के घर आने का इंतजार कर रहे थे। उसी समय उनके घर के सामने दरवाजे के पास कोई व्यक्ति अश्लील गालीगलौज करते हुए बड़े लड़के रवि वर्मा का नाम लेकर बाहर निकलने कह रहा था। हथियार लहराते हुए वह व्यक्ति कह रहा था कि आज तुझे जान से मार डालूंगा। प्रार्थिया एवं उसका छोटा लड़का शंकर वर्मा बाहर निकलकर देखे तो उनके गांव का करण ठाकुर उसके बड़े लड़के का नाम लेकर धमकी दे रहा था।

युवक अपने हाथ में लोहे का तलवार जिसमें लकड़ी का बैठ लगा था, उसे पकड़ा था। जिसको लहराते हुए उसके बड़े लड़के को मारने काटने की धमकी दे रहा था। प्रार्थिया बोली क्यो मेरे लड़के को गाली गलौज देकर मारने की बात कह रहे हो, तब करण ठाकुर गुस्सा में आकर बोला रवि को घर से बाहर निकालो उसे जान से मार दूंगा। रिपोर्ट पर धारा 294,351(3) बीएनएस 25 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया।

आरोपी करण ठाकुर पिता गिरधारी ठाकुर उम्र 22 वर्ष निवासी परसबोड़ थाना साजा को रविवार को गिरफ्तार कर हथियार को जब्त किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है।

■ घर के सामने खड़े होकर कर रहा था गालीगलौज





## प्रदूषित हो रहा पानी, निस्तारी और मवेशियों के लिए बढ़ी परेशानी

# खारुन नदी पर जलकुंभी का कब्जा, प्रशासन की अनदेखी से बिगड़ रही स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा और रायपुर जिले की सीमा से होकर बहने वाली खारुन नदी इन दिनों अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ती नजर आ रही है। जल संसाधन विभाग और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते नदी की हालत लगातार खराब होती जा रही है।

कभी स्वच्छ जलधारा के रूप में बहने वाली खारुन नदी अब कई स्थानों पर जलकुंभी की मोटी परत से पूरी तरह ढंक चुकी है। नदी की सतह पर पानी दिखाई देने के बजाय केवल हरे रंग की जलकुंभी का जाल नजर आ रहा है, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ गया है। जानकारी के अनुसार शिवनाथ नदी की सहायक खारुन नदी में बेरला विकासखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों ग्राम कण्डरका, बेरलाकला, लाटा, कुम्ही, ढाबा, खुड़मुड़ी और मुड़पार में जलकुंभी का अत्यधिक फैलाव हो चुका है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बीते कुछ वर्षों से नदी की नियमित सफाई नहीं होने और जल संरक्षण को लेकर गंभीर प्रयास नहीं किए जाने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। ग्रामीणों के अनुसार जलकुंभी की अत्यधिक वृद्धि के कारण नदी का पानी तेजी से प्रदूषित हो रहा है। इससे न केवल लोगों के दैनिक उपयोग और निस्तारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि मवेशियों के लिए भी भारी परेशानी खड़ी हो गई है। गांवों के लोग वर्षों से इस नदी के पानी का उपयोग घरेलू कार्यों एवं पशुओं के लिए करते आए हैं, लेकिन अब जलकुंभी और गंदगी के कारण पानी उपयोग योग्य नहीं रह गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नदी का बहाव भी प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर जलकुंभी इतनी घनी हो चुकी है कि पानी का प्रवाह लगभग रुक सा गया है। इससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। मछलियों और अन्य जलचर जीवों की संख्या में कमी आने की बात भी ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है। वहीं गर्मी के मौसम में जलकुंभी सड़ने से दुर्गंध फैलने लगी है, जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नदी की सफाई नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। बरसात के दौरान जलकुंभी के कारण जल निकासी प्रभावित होने से ▶▶|शेष पेज 11 पर

■ ग्रामीणों ने की तत्काल सफाई अभियान चलाने की मांग






## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप की जयंती पर स्मृति चिन्ह भेंट



**भिलाई।** पार्षद व बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दया सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने डॉ. सिंह को वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप जयंती पर स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### डां. पंडा ने सेल सीएमडी का संभाला कार्यभार

**भिलाई।** भारत सरकार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड



(सेल) के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद पर डॉ. अशोक कुमार पंडा ने शनिवार को कार्यभार संभाल लिया। उनकी नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) द्वारा इस नियुक्ति को अनुमोदित किया गया। डॉ. पंडा वर्तमान में सेल में निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे और अब उन्हें कंपनी के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक का दायित्व सौंपा गया है।अपने दीर्घ एवं विशिष्ट कार्यकाल के दौरान डॉ. पंडा सेल की अनेक महत्वपूर्ण वित्तीय एवं रणनीतिक पहलों से जुड़े रहे। उन्होंने कंपनी के ऋण भार को लगभग 20 हजार करोड़ रुपये तक कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही संयंत्र स्तर पर तकनीकी अक्षमताओं की पहचान कर लागत नियंत्रण एवं सुधारात्मक कार्ययोजनाओं के माध्यम से परिचालन दक्षता बढ़ाने में भी उल्लेखनीय योगदान दिया।

### ज्ञान परम्परा को रेखांकित करती है शर्मा की पुस्तक



**भिलाई।** विचारक देवेंद्र कुमार रावत के अनुसार इस्पात नगरी भिलाई के प्रसिद्ध साहित्याचार्य और लेखक डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की कृति साहित्य और समाज राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा को रेखांकित करती है। यह विविध शिक्षाओं से सारगर्भित 126 लघु ललित निबंधों का संग्रह है। रायपुर से प्रकाशित 280 पृष्ठों की, सहज,सरल किन्तु सरस भाषा-शैली में लिखित ये किताब युवाओं और विद्यार्थियों के लिये ही नहीं बल्कि वयोवृद्ध पाठकों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी संग्रहणीय और उपयोगी है।

## निधन

### इंद्रमन साहू

**दुर्ग।** बोरसी लक्ष्मी हेरिटेज निवासी



बीएसपी से रिटायर कर्मी इन्द्रमन साहू 74 वर्ष का निधन हो गया। मूल कांदुल गुंडरदेही है। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में 10 मई की सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे अपनी पीछे पत्नी श्रीमती बेदू साहू और पुत्र सुरेंद्र कुमार साहू को छोड़ गए हैं।

# एआई और डिजिटाइजेशन से होगी सीएसआर प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग : डॉ. चटर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी को नए युग की सामाजिक शक्ति बताते हुए रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित 18वें राष्ट्रीय सीएसआर लीडरशिप सम्मेलन में सीएसआर एक्ट के पॉलिसी मेकर कहे जाने वाले भूतपूर्व आईएएस डॉ. भास्कर चटर्जी ने ने भारत में सीएसआर की ऐतिहासिक यात्रा, भविष्य की चुनौतियों और एआई आधारित मॉनिटरिंग मॉडल पर प्रकाश डाला।

रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में इस साल से दो नए कोर्स का आगाज होने जा रहा है। यह कोर्स कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पर आधारित होंगे। पहला कोर्स बीबीए इन सस्टेनेबिलिटी सीएसआर एंड ईएसजी होगा। वहीं इस विषय में इंडस्ट्री की डिमांड को देखते हुए एग्जीक्यूटिव एमबीए की शुरुआत भी होगी। शनिवार को रूंगटा यूनिवर्सिटी में हुए 18वें राष्ट्रीय सीएसआर सम्मेलन में डॉ. भास्कर चटर्जी ने इन दोनों कोर्स की विधिवत शुरुआत कराई। दो नए कोर्स के साथ रूंगटा यूनिवर्सिटी का इंडिया सीएसआर अकादमी से अनुबंध भी किया गया। इस सम्मेलन में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के सीएसआर प्रमुख के साथ प्रसिद्ध एनजीओ के कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

सीएसआर और सस्टेनेबिलिटी के अग्रदूत कहे जाने वाले डॉ. भास्कर चटर्जी ने इस मौके पर भारतीय कंपनियों में सीएसआर की शुरुआत करने की सोच साझा की। उन्होंने कहा कि, ब्यूरोक्रेट रहते हुए उन्हें 25 साल की उम्र में सीएसआर को लेकर कोई विचार नहीं आया, लेकिन 59 साल की आयु में जब उनकी सेवानिवृत्ती को महज दो वर्ष शेष थे, तब उन्होंने इस पॉलिसी पर काम शुरू किया। देश के गरीब और पिछड़े लोगों की चिंता उनके मन में लगातार बढ़ती गई। वह आईएएस अधिकारी थे, लेकिन उन्होंने हमेशा इसे सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि सेवा माना।

## सीएसआर को देशभर में पहचान दिलाने वाले पूर्व आईएएस डॉ. चटर्जी भिलाई पहुंचे

### हर साल सीएसआर से 36 हजार करोड़

डॉ. चटर्जी ने बताया कि 1 अप्रैल 2014 को देश में कंपनी सीएसआर एक्ट लागू हुआ और भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना। उस समय सिर्फ 7 हजार कंपनियां इससे जुड़ी थीं और कुल सीएसआर फंड करीब 8 हजार करोड़ रुपए था, जो आज बढ़कर 36 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। अब लगभग 28 हजार कंपनियां सीएसआर से जुड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उस समय कई उद्योगपति कहते थे कि वे सालों से सीएसआर करते आ रहे हैं, लेकिन पहले का तरीका अलग था। सम्मेलन में इंडिया सीएसआर के फाउंडर रुसेन कुमार के साथ सेवानिवृत आईएएस व वर्तमान में टीवीएस श्रीनिवास ट्रस्ट के चेयरमैन एंड सीईओ स्वरन सिंह ने भी सीएसआर की जरूरत पर चर्चा की। ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों को साझा किया। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि, यदि सीएसआर मद का सही उपयोग किया जाए तो समाज के पिछड़े व गरीब वर्ग को बड़ी मदद मिल सकती है। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने सीएसआर की अवधारणा समझाई। इस दौरान प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा और सीईओ सोनल रूंगटा भी मौजूद रहे।



### अपने खर्च पर देंगे नेशनल फैलोशिप

डॉ. चटर्जी ने कहा कि वह देश को सात बिंदुओं का एजेंडा देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रिसर्च के बिना कोई भी विषय लंबे समय तक टिक नहीं सकता। बिना रिसर्च सब कुछ सीमित रह जाता है। उन्होंने बताया कि इसी साल उन्होंने अपने निजी खर्च से दो नेशनल सीएसआर फेलोशिप शुरू की हैं। इसके तहत हर साल एक प्रैक्टिशनर और एक एकेडमिशियन को चुना जाएगा। इसका नाम चटर्जी नेशनल सीएसआर फेलोशिप रखा गया है। उन्होंने कहा कि सीएसआर में सबसे जरूरी चीज इंपैक्ट है। अगर असर ही नहीं दिखेगा तो 36 हजार करोड़ रुपए का हिसाब कौन देगा? अब सीएसआर में प्रोफेशनलाइजेशन पर काम हो रहा है।

### कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन भी पहुंची

इस सम्मेलन में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने अपने संघर्ष की कहानी साझा करते हुए कहा कि वह राजनांदगांव जिले के छोटे से गांव सुकुलदैहान की रहने वाली हैं और गरीबी की वजह से सिर्फ पांचवीं तक पढ़ाई कर पाईं। बचपन में वह अपने माता-पिता के साथ चाय की दुकान में कप धोने का काम करती थीं। कई बार घर में एक समय का खाना भी मुश्किल से मिलता था। 12 साल की उम्र में उनकी शादी एक चरवाहे से हो गई। शादी के बाद भी गरीबी कम नहीं हुई और बच्चों को दो वक्त का खाना देने के लिए उन्हें लोगों से अनाज मांगना पड़ता था। इन परिस्थितियों के बाद उन्होंने तय किया कि वह गरीबी, कुपोषण और बाल विवाह जैसी समस्याओं के खिलाफ काम करेंगी। साल 2001 में उन्होंने 10 महिलाओं के साथ दो रुपए और दो मुट्ठी चावल से महिला समूह की शुरुआत की। शुरुआत में परिवार और समाज दोनों ने विरोध किया। लोग कहते थे कि वह पागल हो गई हैं और परंपरा के खिलाफ काम कर रही हैं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। दस महिलाओं से शुरु हुई यह मुहिम आज 8 लाख महिलाओं तक पहुंच गई है।

## हरितिमा से आच्छादित टाउनशिप में गर्मी में भी ठंडी का एहसास

# एक शहर में दो मौसम...टाउनशिप में पारा सामान्य से 2 डिग्री कम, पटरीपार में ज्यादा

### हरियाली वाले सेक्टरी क्षेत्र में लगे हैं 23 लाख पेड़, इधर कांक्रीट का जंगल

भीषण गर्मी में एक ही शहर के दो अलग अलग हिस्सों में यदि तापमान में अंतर हो तो आम लोगों के लिए यह हैरानी की बात होगी। लेकिन इस अजूबे से इन दिनों भिलाई के लोग रोज दो चार हो रहे हैं। ग्रीन सिटी के नाम से जाने जाने वाले बीएसपी टाउनशिप और पटरीपार के नगर निगम क्षेत्र में तापमान में एक से डेढ़ डिग्री सेल्सियस का फर्क होता है। हरितिमा से अच्छादित इस्पातनगरी में कम हरियाली वाले पटरीपार की तुलना में गर्मी थोड़ी कम पड़ती है। पर्यावरण से जुड़े लोगों के मुताबिक भिलाई प्रदेश का एकमात्र और देश के कुछ चुनिंदा शहरों में शुमार है,जहां अलग अलग टेंपरेचर होता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में चारों ओर हरियाली होने के कारण इस आधा शहर की ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के रुप में पहचान है। साठ के दशक में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के बाद प्रदूषण से राहत यानी पर्यवारण संतुलन के लिए इस समूचे रिहायशी क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट के रुप में विकसित किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा प्लांट के अंदर और सभी सेक्टरों में साठ साल पूर्व शुरु किया गया पौधरोपण अभियान अनवरत रुप से अब तक चल रहा है। इसके तहत यहां अब तक 23 लाख पेड़ लगाए गए हैं। प्लांट, टाउनशिप और खनि क्षेत्रों को मिलाकर पचास लाख से अधिक पेड लगे हैं। टाउनशिप में लाखों पेड़ों के होने से यह शहर जंगल में शहर है कि शहर में जंगल है, गुमां ही नहीं होता। चारों ओर हरितिमा होने से सेक्टरी इलाके में हर साल गर्मी के मौसम में चार महीने अन्य शहरों की तुलना में गर्मी थोड़ी कम पड़ती है। एक ही शहर यानी पटरी पार नगर निगम के इलाके में तापमान एक से डेढ़ डिग्री अधिक होता है। जबकि टाउनशिप इतना ही ठंडा रहता है। बीएसपी के महाप्रबंधक और उद्यानिकी विभाग के प्रमुख डां. एनके जैन बताते हैं कि बीएसपी क्षेत्र में लाखों पेड़ों के लगे होने से यहां एक से दो डिग्री चेंपरेंचर कम होता है। टाउनशिप में 23 लाख व खनि क्षेत्र मिलाकर कुल 54 लाख पेड़ लगाए गए हैं। यह उद्यानिकी विभाग की वर्षों की मेहनत का परिणाम है। हर साल पर्यावरण दिवस 5 जून से पौधरोपण अभियान पर पौधे लगाए जाते हैं। पटरीपार के निगम क्षेत्र में भी टाउनशिप की तरह सघन पौधरोपण बढ़ाने से गर्मी से राहत मिलेगी। विदित हो कि पटरीपार के अधिकतर रिहायशी इलाके में बहुत कम पेड़ है। यहां कांक्रीट के जंगल यानी दो से पांच मंजिला फ्लैटों,मकानों, शापिंग काम्पलेक्स आदि के चलते बेहद सघन है। टाउनशिप की तरह खुला और हवादार स्पेस भी नही है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र के तीन सौ उद्योगों के कारण भी इनस लगे वार्डों में गर्मी अधिक पड़ती है।



### उद्यानिकी व वन विभाग की मुहिम का असर

टाउनशिप में पिछले पचास साल से बीएसपी के उद्यानिकी विभाग द्वारा हर साल बरसात के मौसम में हजारों पौधे लगाए जाते हैं। इसके अलावा विभिन्न विशेष आयोजनों पर भी परिसरों में पौधरोपण किया जाता है। आम लोगों ने भी अपने घरों में पौधे लगा रखे हैं। इसके अलावा वन विकास निगम के साथ भी अभियान चलाकर वर्षों से बीएसपी पौधोरोपण करते आ रहे है। यहां सभी सेक्टरों में 23 लाख पेड़ लगे हैं। मैत्रीबाग और भिलाई इस्पात संयत्र के अंदर भी हजारों पेड़ लगाए गए हैं। इस कारण यहां गर्मी के मौसम में गर्मी के साथ प्रदूषण से भी राहत और माहौल सुकूनभरा होता है। उल्लेखनीय है कि तालपुरी रोड पर नर्सरी रोपडी वाले क्षेत्र मड़ौदा सेक्टर, ग्लोब चौक रोड, सेंट्रल एवेन्यू के किनारे के सेक्टर 10, 5, 2, 6 , व 1 आदि सड़क से लगे सेक्टर में तापमान कम होता है। यहां ठंड के मौसम में ठंडी भी अधिक पडती है। पौधरोपण मुहिम से जुड़े बीएसपी कर्मी वीके चौधरी बताते हैं कि पटरीपार इलाके से हम जैसे ही चंद्रामौया या प्रियदशी अंडरब्रिज से टाउनशिप में प्रवेश करते हैं ठंडी हवा के झोंको से वास्ता होता है। जबकि विपरीत दिशा में जाने पर अधिक गर्मी महसूस होती है।

### हरियाली में हजारों परिंदों की चहचहाहट

सघन हरीतिमा वाले बीएसपी टाउनशिप में लगाए गए लाखों पेड़ों में अधिकतर फलदार और छायादार हैं। इसके चलते आक्सीजन ओरियंटेड होने के साथ खूबसूरती और पक्षियों प्राकृतिक अधिवास भी हैं। यहां आम, जाम, अमरुद, इमली, आंवला, बेर, गंगा इमली, कटहल, गुड़हल, काजू जैसे हजारों पेड़ हैं तो दूसरी ओर नीम, आमलतास, शीशम, गुलमोहर, पाम, सागौन, शाल, पलाश, महुआ,पीपल,बरगद आदि के भी लाखों पेड़ लगे हैं। मैत्रीबाग के प्रभारी डां. जैन बताते हैं कि हरियाली के कारण टाउनशिप में तोते, कोयल, कौए, नीलकंठ, कबूतर, पड़की, टिटहरी, गिलहरी गोह, नेवला, तितली, आदि कई प्रजाति के हजारों पक्षियों और जीवों के बसेरे भी हैं। यहां बाहर के भी कुछ परिंदे आते हैं। टाउनशिप की तरह पटरी पार में भी नगर निगम, निजी उद्योगों व सामाजिक संगठनों को अभियान चलाकर सघन पौधरोपण किये जाने की जरुरत है। पर्यावरण मित्र बालूराम वर्मा बताते हैं कि टाउनशिप में लंबे समय से पौधरोपण कर रहे हैं। गर्मी के दिनों में सूखते पौधों को सींच भी रह हैं। पटरीपार क्षेत्र को भी इसी तरह हराभरा बनाने की जरुरत है।

# सुशासन शिविर में 26 युवाओं का बना लर्निंग लाइसेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली के पुरैना सुशासन शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह के प्रयास से 29 साल के युवक देवेन्द्र कौशल का आधार कार्ड बन पाया। देवेंद्र दृष्टि बाधित है। कई बार प्रयास करने के बाद भी तकनीकी कारणों से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। शिविर में हितग्राही के अपील पर कलेक्टर अभिजीत ने आधार कार्ड बनाने अधिकृत एजेंसी से संवाद कर शिविर स्थल पर ही दो बच्चों के पिता देवेन्द्र का आधार कार्ड बनवाया।

शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह न केवल स्टॉल तक पहुंचे, बल्कि समस्या मूलक आवेदन लेकर स्थल तक पहुंचने वाले नागरिकों से चर्चा भी की। उन्होंने पेयजल, पट्टा और अतिक्रमण से संबंधित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदन की गंभीरता को समझे और उसका निराकरण करे। शिविर में कलेक्टर ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर तत्काल आवेदन कर्ता को उपलब्ध कराया।

### दृष्टिबाधितों को मिला नया आधार कार्ड

सुशासन 2026 के शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पुरैना के 26 युवाओं को लर्निंग लाइसेंस सौंपा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शिविर में समस्या मूलक आवेदन लेकर पहुंचे लोगों से चर्चा कर समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण करते महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों से चर्चा की। विधायक ने परिवहन विभाग द्वारा लगाए स्टॉल तक पहुंचे और 26 युवाओं को शिविर में बनाए गए लर्निंग लाइसेंस को सौंपा। उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों से वन टू वन चर्चा की। इसके अलावा ललित चंद्राकर ने गोद भराई रस्म में शामिल हुए। वहीं आयुक्त मोनिका वर्मा ने बालिकाओं को स्वच्छता कीट का वितरण की। शिविर में सभापति केशव बंछोर, रंजीता बेनुआ आदि मौजूद थे।

## भिलाई में आए 535 आवेदन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों के नागरिक शामिल हुए। शिविर में कुल 535 आवेदन नागरिकों ने दिए हैं। इसमें 338 मांग और 197 शिकायत हैं।



जिसका त्वरित निराकरण किया जायेगा। सुशासन तिहार शिविर में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। जहां शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य सेवा, आयुष सेवा, महिला एवं बाल विकास, वन एवं जलवायु, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, उज्ज्वला, संपत्तिकर एवं अन्य योजनाओं के काउंटर लगे हुए है। शिविर में नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु भी आवेदन प्रस्तुत किए। निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए आवेदन प्राप्त किए और निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया।

## कृषि पंपों के लिए लगा ट्रांसफार्मर, किसानों को मिलेगी निर्बाध बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

खरीफ फसल की बुवाई को देखते हुए अहिवारा संभाग के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कन्हारपुरी में 3.15 एमवीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चार्ज किया गया। इससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए बिजली कमी नहीं होगी।

विभाग ने कृषि पंपों के लिए अलग ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की है। इससे उपकेंद्र पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार का प्रबंधन बेहतर तरीके से होगा और कृषि उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं से स्थाई मुक्ति मिलेगी। इस सुदृढ़ीकरण से धमधा वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हारपुरी, जातघर्रा, परसबोड़, खपरी, धरमपुरा, बिरझापुर और बसनी के लगभग 876 कृषि उपभोक्ता अब उचित वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली प्राप्त कर सकेंगे। पूर्व में यहां 3.15 एमवीए और 5 एमवीए के ट्रांसफार्मर स्थापित हैं, जिनमें अब इस नई इकाई के जुड़ने से कुल क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है। इस दौरान एचके मेश्राम, एसके राय, डीके भारती, टीएल सहारे उपस्थित थे।



## पानी की समस्या को लेकर आप का प्रदर्शन कल

**भिलाई।** भिलाई नगर में व्याप्त जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा 11 मई सुबह 12 बजे नगर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने कहा कि निगम द्वारा सप्लाई किया जा रहा पानी पीने योग्य नहीं, बल्कि बीमारियों का स्त्रोत बन चुका है। नलों से बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है, जिसके कारण शहर के कई हिस्सों में पीलिया तेजी से फैल रहा है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ यह खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पीएम आवास योजना के तहत मकान आवंटन पर हुई चर्चा



**भिलाई।** शनिवार को सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ की साप्ताहिक बैठक सिविक सेंटर स्थित मोनूमेंट में हुई। आवास समस्या को लेकर संस्था के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बताया गया कि जब पीएम आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री सभी को छत प्रदान कर रहे हैं तो हमें यह आवास प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटित क्यों नहीं की जाती। हाउसिंग बोर्ड के साथ मिलकर नई कॉलोनी बनाना एक अच्छी स्कीम है लेकिन पुराने घरों को उजाड़ कर इस पूरे इलाके को खंडहर बनाना कहां की स्कीम है। अगर लाइसेंस स्कीम लागू नहीं की जा सकती प्रबंधन से तो इस पूरी जमीन को राज्य सरकार को सौंप दे और राज्य सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत यह सारे आवास अपने शुल्क लेकर सभी को बांट दे।

## एक डॉक्टर महीनेभर से छुट्टी पर, दूसरी के पैर में लगी चोट


# शास्त्री अस्पताल के डेंटल विभाग में 10 दिनों से इलाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के डेंटल विभाग की व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। विभाग में पदस्थ दोनों डॉक्टरों के छुट्टी पर चले जाने से पिछले करीब 10 दिनों से दांत से संबंधित उपचार बंद पड़ा है। हालत यह है कि रोजाना पहुंचने वाले मरीजों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार डॉ. अंजली सिंह विगत 1 अप्रैल से अवकाश पर हैं। उनके छुट्टी पर जाने के बाद डॉ. राधा रानी मरीजों की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। इसी दौरान दुर्घटना में पैर में चोट लगने के कारण उन्हें भी छुट्टी लेनी पड़ी। बताया जा रहा है कि 1 मई से अस्पताल में दांत से संबंधित नियमित उपचार पूरी तरह बंद पड़ा है। वर्तमान में डेंटल विभाग केवल एक डेंटल असिस्टेंट डॉली साहू के भरोसे संचालित हो रहा है।

### फिलिंग से लेकर रूट कैनाल तक सब बंद

डोंटर विभाग में उपचार संबंधी अन्य सभी महत्वपूर्ण सेवाएं बंद है। अस्पताल में दांतों की जांच, एक्स-रे, दांतों की फिलिंग, सड़े या टूटे दांत निकालना, रूट कैनाल ट्रीटमेंट, मसूड़ों की बीमारी का इलाज, दांतों की सफाई और स्केलिंग जैसी सुविधाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है, क्योंकि निजी क्लीनिकों में इलाज काफी महंगा है।



### अपॉइंटमेंट लेकर पहुंचे लोग भी लौटे खाली हाथ

डेंटल विभाग में डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। हालत यह है कि जांच के बाद पहले से अपॉइंटमेंट दिए गए मरीजों को भी अस्पताल से बेरंग लौटना पड़ रहा है। पिछले करीब 10 दिनों से यही स्थिति बनी हुई है। शहर के दूरदराज इलाकों से दांत संबंधी उपचार और जांच के लिए बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें बिना इलाज वापस लौटना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने में समय और पैसा दोनों खर्च हो रहा है, इसके बावजूद उपचार नहीं मिल पा रहा है। डेंटल विभाग में नए मरीजों की पर्ची काटना भी बंद कर दिया गया है। इससे पहली बार इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सीधे वापस किया जा रहा है। सामान्य दवा देकर मरीजों को लौटाया जा रहा है।

### की गई है वैकल्पिक व्यवस्था

वैकल्पिक व्यवस्था के तहत खुर्सीपार से दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसन्ना सोनी को बुलाया गया है। सोमवार से दंत रोग से संबंधित सभी जांच व उपचार शुरू कर दी जाएगी। -डॉ. पीयाम सिंह, प्रभारी, सिविल अस्पताल सुपेला

## सौगात: जलेश्वर महादेव के सौंदर्यीकरण हेतु 50 लाख की घोषणा

# अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी समाज की महासभा में शामिल हुए सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के डोंगरिया में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को शामिल होकर समाज की एकता, संगठन और देश व प्रदेश के विकास में समाज की भूमिका और अविस्मरणीय योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि एक संगठित और मजबूत समाज से एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है।

कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्रवासियों को सिंचाई, सड़क और जलेश्वर महादेव विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात दी।इसके पूर्व उन्होंने जलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और शांति की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कुर्मी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। छत्रपति शिवाजी और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसी विभूतियां इस समाज से आती हैं। जिन्होंने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। कुर्मी समाज एक प्रगतिशील और समृद्ध समाज है।

खेती किसानी में भी समाज काफी आगे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया है। हम प्रदेशवासियों के लिए राम लला दर्शन योजना चला रहे हैं, अब तक 42 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुनः प्रारंभ किया गया है। देश में 19 तीर्थ स्थल चिन्हित कर बड़े बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि पिछले 2.5 वर्षों में हमने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। महतारी वंदन की 27 किश्त जारी कर चुके हैं, जिससे हर हितग्राही माता बहनों के खाते में अब तक 27- 27 हजार रुपए आ चुके हैं। प्रदेश में 10 हजार 500 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है।

जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। ठीक उसी तरह विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित करने के लिए विजन डॉक्यूमेंट बना कर हम काम कर रहे हैं। प्रदेश की पांच शक्ति पीठ को विकसित करते हुए कॉरिडोर बना कर जोड़ने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जो समाज शिक्षित होता है, वो हमेशा विकास के नए सोपान तय करता है। समाज सशक्त होता है तो देश मजबूत होता है और विकास की राह पर आगे बढ़ता है।

### मुख्यमंत्री ने दी विकास कार्यों की बड़ी सौगात




डोंगरिया में मुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने छीरपानी जलाशय मध्यम परियोजना से नहर विस्तारीकरण की घोषणा की। इस परियोजना की अनुमानित लागत 50 करोड़ है। इससे लगभग 1100 हेक्टेयर सिंचित होगा। इसके साथ ही जलेश्वर महादेव के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख और खरहट्टा से डोंगरिया तक 2.5 किमी सड़क उन्नयन की घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पंचातय अध्यक्ष श्रीमती सरिता रामकुमार सोनी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती नंदनी साहू, उपाध्यक्ष सानू तिवारी, अंबिका चंद्रवंशी, चंद्रशेखर चंद्राकर, आईजी बालाजी राव, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### भव्य सामाजिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिलाः विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से आज इस भव्य सामाजिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता और संगठन में निहित होती है तथा संगठित समाज ही निरंतर प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि जिस समाज के प्रेरणास्रोत छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान व्यक्तित्व हों, वह समाज स्वाभाविक रूप से यशस्वी और गौरवशाली होता है। साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे लौह पुरुष का आशीर्वाद और आदर्श भी समाज को प्रेरणा देते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गांव-गांव में समाज के प्रतिभाशाली युवा और बच्चे मौजूद हैं। ऐसे सामाजिक आयोजनों के माध्यम से युवाओं को सही दिशा देने और उन्हें भटकाव से बचाने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज मेहनतकश, उन्नत, समृद्ध और उच्च नैतिक मूल्यों को धारण करने वाला समाज है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूक और संगठित समाज से अपेक्षा रहती है कि वह केवल अपने समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लिए भी पथप्रदर्शक बनने का कार्य करे।

# सीसी रोड बना परेशानी का कारण नाली निर्माण को लेकर हलाकान

## सीसी रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर ग्रामीणों एवं राहगीरों परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क का डामरीकरण कार्य लगभग एक माह पूर्व पूरा हो चुका है, लेकिन गांव बस्ती के अंदर बनने वाला सीसी रोड अब तक नहीं बन पाया है।

इसके चलते ग्रामीणों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने सीसी रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह बड़े पत्थर बाहर निकल आए हैं तथा सड़क पर दरारें पड़ गई हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पेंड्रीकला, बसनी एवं कोलेगांव के बस्ती क्षेत्र में अंदरूनी सीसी रोड खराब स्थिति में है। सड़क की जर्जर हालत के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जहां सीसी रोड निर्माण स्वीकृत हुआ है वहां जल्द कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव में लगभग 100 मीटर सीसी रोड का निर्माण किया गया है, लेकिन वहां नाली निर्माण नहीं हुआ है। वहीं ग्राम बसनी में करीब 100 मीटर नई नाली बनाई गई है, जबकि सीसी रोड निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। गांव के भीतर लगभग 200 मीटर पुरानी नाली पहले से पंचायत द्वारा निर्मित बताई जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन-प्रशासन स्पष्ट करे कि कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत किस गांव में कितने मीटर सीसी रोड एवं नाली निर्माण का प्रावधान है। विशेष रूप से कोलेगांव में नाली निर्माण को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृत राशि का लाभ जल्द धरातल पर दिखाई देना चाहिए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# विहिप अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा ने विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। यह मुलाकात पंडरिया में महर्षि नारद मुनि जयंती कार्यक्रम के दौरान हुई। इस मौके पर देश, धर्म, समाज और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विचार किया गया। मुलाकात के दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। चर्चा का मुख्य केंद्र राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका, युवाओं की भागीदारी, भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता जैसे विषय शामिल थे। श्री वर्मा ने कहा कि देश और धर्म की रक्षा केवल नारों से नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता से संभव है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति, संस्कार और अपने गौरवशाली इतिहास को समझे तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे।

# भगवती को मिली पीएचडी उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



रायपुर स्थित कलिंगा यूनिवर्सिटी में हिन्दी विषय की शोधार्थी भगवती जायसवाल, निवासी पंडरिया ने शशि प्रभा शास्त्री के उपन्यासों में सामाजिक यथार्थ विषय पर शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. अजय शुक्ला के निर्देशन में पूरा किया। भगवती रुचि जायसवाल पंडरिया निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद जायसवाल एवं राजकुमारी जायसवाल की पुत्री हैं। वे संजय जायसवाल और अनिल जायसवाल की छोटी बहन हैं। वर्तमान में वे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रोहरा पंडरिया में शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, साहित्य प्रेमियों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत मानी जा रही है।

# शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राएं शिक्षकों के मार्गदर्शन में रायपुर पहुंचे, जहां उन्होंने जंगल सफारी एवं आदिवासी संग्रहालय का अवलोकन किया।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जंगल सफारी में वन्यजीवों एवं प्रकृति को करीब से देखा तथा उनके व्यवहार एवं जीवनशैली से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। वहीं छत्तीसगढ़ के आदिवासी जनजीवन को समझने के लिए विद्यार्थियों ने आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण किया।

यहां विद्यार्थियों ने आदिवासी समाज के खानपान, परिधान, रहन-सहन, संस्कृति एवं त्यौहारों से जुड़ी वस्तुओं का अवलोकन कर व्यावहारिक जानकारी हासिल की।

इस शैक्षणिक भ्रमण में अंग्रेजी व्याख्याता सुभद्रा शाही सहित शिक्षकों में लोकेश्वरी साहू, पूर्णिमा शर्मा, ऋतुराज शर्मा, विकाश साव, नरेंद्र घृतेष, हेमकल्याणी पटेल, चंद्रमणि लहरें, वर्षा रानी वैष्णव, पूनम चंद्राकर, कल्पना सोम एवं भूपेंद्र गढ़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के प्राचार्य नंद कुमार शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के प्रतिभा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे छात्र-छात्राएं पुस्तकीय ज्ञान से बाहर निकलकर व्यावहारिक रूप से चीजों को समझते हैं। वहीं अंग्रेजी व्याख्याता सुभद्रा शाही ने बताया कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किए जाएंगे, ताकि उन्हें व्यवहारिक एवं रचनात्मक ज्ञान प्राप्त होता रहे।

# प्रभारी के बयान पर भड़के भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

शहर मंडल भाजपा की रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में भाजपा प्रभारी के दिए गए बयान ने तूल पकड़ लिया है।

बैठक में कार्यकर्ताओं को गुटबाजी से दूर रहने की सलाह देते हुए प्रभारी ने नगर पालिका अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस देने की बात कही, जिस पर वरिष्ठ नेताओं और पार्षदों ने नाराजगी जताई है। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पालिका अध्यक्ष और पार्षद भाजपा की शान हैं।

सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभारी को समझाइश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं को अच्छी तरह समझें। कार्यकर्ताओं ने अतिथि देवो भवः की परंपरा का पालन करते हुए उनकी बातें सुनीं।

### गुटबाजी के लिए बाहरी जिम्मेदार

वरिष्ठ नेताओं ने गुटबाजी पर कहा कि वह कार्यकर्ताओं की देन नहीं है। चुनाव के समय बाहर से आने वाले दावेदारों के कारण गुटबाजी होती है। जब किसी एक को टिकट मिलती है तो बाकी विरोध में सक्रिय हो जाते हैं।

### पद का रौब न दिखाएं प्रभारी

प्रभारी द्वारा केंद्र तक पहुंच होने की बात पर कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का सम्मान करते हैं क्योंकि वह सरकार की धुरी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह पार्टी के जिम्मेदार सिपाही हैं, किसी की चापलूसी नहीं करते। नेताओं ने अंत में कहा कि भविष्य में भी प्रभारी का स्वागत है, लेकिन वह अपनी मर्यादा और कार्यकर्ताओं की इज्जत का विशेष ध्यान रखे।

### प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं भाजपा

सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में वरिष्ठ नेताओं ने सीधे शब्दों में कहा कि भाजपा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं है। उन्होंने प्रभारी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उन्होंने जनहित में कितने कार्य किए हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ नेताओं के आशिर्वाद और चाटुकारिता के सहारे आगे बढ़ने वाले लोग कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर और राजनांदगांव के कई नेता डोंगरगढ़ को जानते हैं, लेकिन उन्होंने कभी अमर्यादित व्यवहार नहीं किया।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर बीज निगम के दैनिक वेतन कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। प्रदेशभर में जारी इस आंदोलन के बीच कर्मचारियों में निगम प्रबंधन एवं प्रबंध संचालक के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि वर्षों तक सेवा देने के बावजूद उनकी मूलभूत एवं न्यायसंगत मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में श्रम सम्मान निधि की चार हजार रुपए राशि को पुनः बहाल किए जाने की मांग शामिल है।

कर्मचारियों का कहना है कि दिसंबर माह से यह राशि बिना किसी लिखित आदेश, सूचना अथवा वैधानिक प्रक्रिया के बंद कर दी गई। कर्मचारियों ने इसे मनमाना एवं कर्मचारी विरोधी निर्णय बताते हुए कहा कि वर्षों से मिलने वाली राशि को अचानक बंद कर देना उनके साथ अन्याय है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का कहना है कि पहले से ही कम वेतन में कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए यह राशि परिवार के भरण-पोषण,बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों का महत्वपूर्ण सहारा थी। राशि बंद होने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो गई है।

### आंदोलनरत कर्मचारियों ने सवाल उठाया

आंदोलनरत कर्मचारियों ने सवाल उठाया कि जब प्रबंधन के पास आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को 15 से 17 हजार रुपये तक भुगतान करने के लिए बजट उपलब्ध है, तो वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की 4000 रुपए श्रम सम्मान निधि बहाल करने में परेशानी क्यों हो रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन समाधान निकालने के बजाय आंदोलन को दबाने और कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में लगा हुआ है। हड़ताल के चलते प्रदेश के अधिकांश बीज भंडारण केंद्रों में कार्य प्रभावित हो चुका है। बीज उठाव एवं भंडारण व्यवस्था भी प्रभावित बताई जा रही है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम कांचरी प.ह.नं. 10 तहसील साजा जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक कान्हा कुंजाम पिता बिरेन्द्र कुंजाम जाति कण्डरा निवासी ग्राम व तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) के विरूद्ध प्रेमलाल पिता मेलाराम साहू जाति तेली साकिन कांचरी तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) में आवेदक के भू-स्वामी हक में ग्राम कांचरी प.ह.नं. 10 स्थित भूमि ख.न. 1055 रकबा 0.67 हे. दर्ज है। जिसे आवेदक अपने पिता बिरेन्द्र कुंजाम के स्वास्थ्य खराब होने के उनके ईलाज कराने के लिये एवं कर्ज अदायगी हेतु पैसो की आवश्यकता होने से अनावेदक/इकरारप्राप्त कर्ता प्रेमलाल के पास कुता के रूप में कुल रकम 16,00,000/- (सोलह लाख रूपये मात्र) में विक्रय करने का सौदा किया गया है। जिसमें से आवेदक का बयाना के रूप में 5,00,000/- (पांच लाख रूपये मात्र) राशि दिनांक 13.10.2025 को प्राप्त कर लिया है। उक्त भूमि को अनावेदक प्रेमलाल पिता मेलाराम साहू के पास विक्रय किये जाने अनुमति प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय बेमेतरा समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा- आपत्ति हो तो नियत पेशी तिथि 18.05.2026 तक स्वयं अथवा किसी विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से आज दिनांक 27.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

# आधुनिक तकनीक से खेती की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



खेती-किसानी मानसून आगमन से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में खरीफ फसल की तैयारी तेज हो गई है। किसान खेतों की जुताई, समतलीकरण एवं उर्वरक प्रबंधन के कार्य में जुट गए हैं। आधुनिक कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक पद्धति के उपयोग से खेती-किसानी में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है।

किसान अब पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर एवं समतलीकरण मशीनों की सहायता से खेतों को तैयार किया जा रहा है, ताकि बारिश का पानी पूरे खेत में समान रूप से बना रहे और फसल का विकास बेहतर हो सके। किसानों का कहना है कि समतल खेतों में धान की फसल समय पर तैयार होती है और उत्पादन भी अच्छा मिलता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, जहां बड़े पैमाने पर धान की खेती होती है। वहीं कबीरधाम जिले में शक्कर कारखानों एवं गुड़ फैक्ट्रियों की संख्या बढ़ने से अब किसानों का रुझान गन्ना खेती की ओर भी बढ़ने लगा है। इसके बावजूद समर्थन मूल्य में धान खरीदी और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की व्यवस्था के कारण किसान धान उत्पादन की तैयारी भी कर रहे हैं। किसान अब खेतों में गोबर खाद एवं प्रेसमड जैसी जैविक खाद का उपयोग कर रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ रही है और नमी लंबे समय तक बनी रहती है। वहीं सोसायटियों एवं खाद गोदामों से डीएपी, यूरिया, सुपर फास्फेट और पोटाश जैसे उर्वरकों का उठाव भी बढ़ गया है। कृषि जानकारों के अनुसार खरीफ फसल मानसून आधारित फसल होती है, जिसके लिए पर्याप्त गर्मी और बारिश आवश्यक होती है। धान, मक्का, ज्वार, बाजरा एवं अरहर जैसी फसलों की बोवनी के लिए किसान अभी से खेत तैयार करने में जुटे हुए हैं।

पेज 9 का शेष

### ग्राम कुरदा में तहसीलदार ...

साथ ही 6 मई को ग्राम दर्रीभे में आयोजित समाधान शिविर में भी अवैध भट्ठों पर रोक लगाने की मांग उठाई गई थी। उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल को इस मामले को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और शनिवार को कार्रवाई की गई। तहसीलदार मोरध्वज साहू ने बताया कि उमरावनगर क्षेत्र में भी 50 से अधिक अवैध ईंट भट्ठों के संचालन की जानकारी मिली है, जहां सोमवार को कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि ईंट निर्माण के लिए कृषि भूमि की खुदाई से खेतों की उर्वरा शक्ति लगातार खत्म हो रही है। अधिक मुनाफे के लालच में किसान अपनी जमीन ईंट निर्माण के लिए दे रहे हैं, जिससे भूमि धीरे-धीरे अनुपजाऊ बनती जा रही है। वहीं भट्ठों से निकलने वाले धुएं से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई को क्षेत्रवासियों ने सराहनीय बताते हुए अवैध ईंट भट्ठों पर लगातार सख्ती की मांग की है।

### खारुन नदी पर जलकुंभी ....

बाढ़ जैसी समस्या उत्पन्न होने की आशंका भी जताई जा रही है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग से तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाकर नदी से जलकुंभी हटाने की मांग की है। साथ ही नियमित निगरानी और संरक्षण योजना लागू करने की भी आवश्यकता बताई है, ताकि खारुन नदी को पुनः स्वच्छ और जीवंत बनाया जा सके।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### देर रात डीजे बजाने पर मैरिज पैलेस पर कार्रवाई

**भिलाई।** देर रात तक तेज आवाज में डीजे और लाउड स्पीकर बजाने के मामले में उमदा जयंती नगर भिलाई तीन स्थित मैरिज पैलेस के संचालक पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मां लक्ष्मी मैरिज पैलेस में तेज आवाज में डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाए जाने की शिकायतें मिल रही थी। रात 10 बजे के बाद भी तेज आवाज में संगीत बजने से बच्चों, वृद्ध व आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भिलाई तीन पुलिस ने जांच में पाया गया कि विवाह समारोह के दौरान समय सीमा के बाद भी तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम संचालित किया जा रहा था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आयोजन स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन के लिए आवश्यक अनुमति नियमों का पालन नहीं किया गया था। इसके बाद पुलिस ने धारा 152 बीएनएसएस के तहत प्रकरण तैयार कर वैधानिक कार्रवाई की।

### चाकूबाजी में घायल दूसरे युवक की मौत

**भिलाई।** चाकूबाजी मामले में गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। खुर्सीपार पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 25 अप्रैल को खुर्सीपार क्षेत्र में चाकूबाजी की वारदात हुई थी। घटना में दूसरे सुनील कुमार कन्हाई का युवक अस्पताल में उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार को युवक ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर लगते ही परिजन और दोस्तों की भीड़ अस्पताल में लगी रही। इसके पूर्व रजत कुशवाहा युवक की मौत हो चुकी है। खुर्सीपार पुलिस ने घटना वाले दिन ही आरोपी गोलू सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। गौरतलब हो कि रजत कुशवाहा बाइक में अपने दोस्त सुनील कुमार कन्हाई को घर छोड़ने जा रहा था। बालाजी नगर में गांधी विद्यालय के पास गोलू सिंह अन्य लड़के को बैट से मार रहा था। जिसे देख रजत ने बाइक रोक और सुनील के साथ मिलकर गोलू सिंह को मारपीट करने से मना किया था। आरोपी गोलू ने दोनों युवकों पर चाकू से हमला कर फरार हो गया था।

### निकायों में होने वाले उप चुनाव को लेकर आपत्ति

**दुर्ग।** रिसाली और भिलाई के रिक्त वार्डों में होने वाले पार्षद चुनाव को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। इसे लेकर अधिवक्ता सौरभ चौबे ने उप चुनाव को निरस्त करने की मांग की है। चौबे ने कहा कि रिसाली के वार्ड 2 एवं 39 एवं भिलाई के वार्ड 1 में उपचुनाव कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उक्त संबंध में आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सौरभ चौबे ने कहा कि दोनों निगमों का वर्तमान कार्यकाल आगामी नवंबर-दिसंबर 2026 में समाप्त हो रहा है। ऐसी स्थिति में मात्र लगभग 4 से 5 माह की अल्पावधि के लिए निर्वाचन कराना शासन के धन, संसाधन एवं प्रशासनिक तंत्र पर अनावश्यक आर्थिक भार डालना होगा। चुनाव में शासन को व्यापक स्तर पर वित्तीय व्यय करना पड़ता है, जिसमें निर्वाचन कर्मचारियों की नियुक्ति, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान सामग्री, प्रशिक्षण एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाएं सम्मिलित होती है। जबकि निकाय का कार्यकाल अत्यंत अल्प शेष है, अतः इस परिस्थिति में चुनाव कराना जनहित एवं वित्तीय अनुशासन के विपरीत प्रतीत होता है। इसे ध्यान रखते हुए उक्त वार्डों में प्रस्तावित निर्वाचन प्रक्रिया को निरस्त या स्थगित किया जाए।

### केयर टेकर ने मालिक के मोबाइल से 1.67 लाख रुपए किए पार

**भिलाई।** केयर टेकर ने अपने मालिक के बैंक खाते से रकम ट्रांसफर करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि तालपुरी निवासी डॉ. पूर्णिमा राज कछवाहा के यहां केयर टेकर के रूप में रथ चौधरी उर्फ अन्नू पति के मोबाइल फोन का उपयोग कर बिना जानकारी दिए यूपीआई माध्यम से 1.67 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर कर लिया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तकनीकी जानकारी एवं बैंक ट्रांजेक्शन विवरण के आधार पर आरोपी को चिन्हित किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा रकम ट्रांसफर करना स्वीकार किया।

**आयोजन : प्रज्ञा निर्वाणी के साथ में महिलाओं का संकल्प**

# आने वाली पीढ़ी को विरासत में देंगे स्वच्छ जलस्रोत और सुरक्षित प्रकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महिलाओं की भागीदारी को नया आयाम देते हुए खंडसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वुमेन फ़ॉर वेटलैंड्स जन-जागरण अभियान का भव्य आयोजन किया गया भाजपा महिला मोर्चा की जिलाअध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में जुटी सैकड़ों मितानिनों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे गांवों के पारंपरिक कुओं, तालाबों और पोखरों को लुप्त होने से बचाएंगी। महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ने कहा जल संरक्षण को केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक नैतिक आंदोलन बताया,उन्होंने जोर देकर कहा,आर्द्रभूमियां (वेटलैंड्स) प्रकृति की धड़कन हैं,यदि हमारे गांव के तालाब और कुएं सूख गए, तो आने वाली पीढ़ी को हम विरासत में केवल प्यास और बंजर जमीन देकर जाएंगे। 'वुमेन फ़ॉर वेटलैंड्स ' अभियान इसी जनभागीदारी का प्रमाण है कि जब मातृशक्ति किसी बदलाव का बीड़ा उठाती है, तो वह क्रांति का रूप ले लेती है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पोस्टर और नारों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। इस दौरान महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी जिसमें डोर-टू-डोर जागरूकताः मितानिनें और स्वास्थ्य कर्मी ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर वेटलैंड्स के महत्व को समझाएंगे। गांवों के सार्वजनिक तालाबों और पोखरों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ सामूहिक आवाज उठाई जाएगी। पुराने कुओं की साफ-सफाई और उनके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए सामुदायिक श्रमदान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने साझा किया कि तेजी से गिरता भू-जल स्तर और प्रदूषित होते तालाब भविष्य के लिए खतरे की घंटी हैं। उन्होंने सामूहिक स्वर में कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना अब उनकी प्राथमिकता होगी।

- खंडसरा में 'वुमेन फ़ॉर वेटलैंड्स ' अभियान के तहत मितानिनों और स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया संरक्षण का संकल्प

#### सामूहिक शपथ के साथ समापन

आयोजन के अंत में प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित सभी जनों को शपथ दिलाई। महिलाओं ने हाथों में हाथ डालकर यह प्रण लिया कि वे न केवल जलस्रोतों को स्वच्छ रखेंगी, बल्कि समाज के हर वर्ग को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के लिए 'पर्यावरण प्रहरी' की भूमिका निभाएंगी।



## सालभर से खुदी पड़ी नाली घरों में कैद हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

वार्ड क्रमांक 04 में अधूरी नाली निर्माण योजना अब लोगों की परेशानी का बड़ा कारण बन गई है।

- वार्डवासियों का फूटा गुस्सा, एक साल से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य
- वाहन तो दूर मवेशियों का निकलना भी मुश्किल


करीब सालभर पहले नाली निर्माण के नाम पर सड़क और घरों के सामने गड्ढे खोद दिए गए, लेकिन काम शुरू नहीं हो पाया।

हालत यह है कि वार्डवासी रोजाना जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण का कार्य पिछले एक साल से अधूरा पड़ा है। कई घरों की सीढ़ियां तोड़ दी गई हैं, जिससे लोगों का घरों में प्रवेश करना तक मुश्किल हो गया है।

दोपहिया और चारपहिया वाहन घरों के अंदर नहीं जा पा रहे हैं, वहीं मवेशियों को लाने-ले जाने में भी भारी दिक्कत हो रही है। बारिश से पहले निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। वार्डवासियों ने जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

## सिमप्लेक्स की संचालक संगीता और उनके पति केतन शाह पर फर्जीवाड़ा का आरोप, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जमीन फर्जीवाड़ा मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उद्योगपति दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471, 120 तहत कार्रवाई किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सिमप्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की डायरेक्टर संगीता केतन शाह और उनके पति केतन शाह ने ग्राम कोहका की विवादित जमीन को विवाद मुक्त बताकर 50 लाख में सौदा किया। 10 लाख एडवांस भी लिए, लेकिन बाद में रजिस्ट्री करने से इंकार कर दिया। दोनों ने उसी जमीन पर 4.5 करोड़ का लोन ले लिया। जमीन विवादित निकली। उन्होंने यह बात जमीन खरीदार से छिपाई। शिकायतकर्ता सुनील कुमार सोमन ने बताया कि 13 मार्च 2023 को ग्राम कोहका की जमीन का उनके बीच इकरारनामा हुआ था। आरोपी पक्ष ने ग्राम कोहका स्थित करीब 0.10 हेक्टेयर जमीन को पूरी तरह साफ और विवाद मुक्त होना बताया था। दोनों पक्षों में जमीन का 50 लाख में सौदा हुआ और उन्होंने 10 लाख बतौर एडवांस विक्रेता को दिया। इसके बाद उन्होंने न तो जमीन की रजिस्ट्री की और न ही एडवांस की रकम लौटाई। पुलिस को जांच में पता चला कि जिस जमीन को बेचा जा रहा था, वह पहले से किराए और लीज विवाद में फंसी हुई थी।

- न्यायालय के आदेश पर सुपेला पुलिस ने दर्ज किया अपराध

#### 4.50 करोड़ का लोन भी है जमीन पर

शिकायत में बताया गया कि सिंप्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड के संचालक दंपति ने जमीन के दस्तावेजों को गिरवी रखकर एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड बैंक से करीब 4 करोड़ 50 लाख रुपए का लोन लिया था। यदि जमीन पहले से बैंक में मॉर्गेज थी, तो उन्हें यह जमीन बेचना नहीं था और बेचना था तो इकरारनामा में इसकी जानकारी देनी थी। न्यायालय ने दस्तावेजों की जांच के बाद मामला धोखाघड़ी का पाते हुए जुर्म दर्ज करने का निर्देश सुपेला पुलिस को दिया गया। अपराध दर्ज होने के बाद संगीता केतन शाह का कई नेताओं के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। वो वैशाली नगर विधानसभा से विधायक पद की निर्दलीय प्रत्याशी भी रह चुकी हैं।

#### न्यायालय की शरण में गया पीड़ित

पीड़ित सुनील सोमन का आरोप है कि पुलिस में मामले की शिकायत के बाद भी जब कई महीनों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो परेशान होकर उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद सुपेला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया।

#### धोखाधड़ी का अपराध कायम किया गया

न्यायालय के आदेश पर संगीता व उनके पति केतन शाह के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पीड़ित ने शिकायत में बताया है कि दोनों पति पत्नी ने जमीन बेचने के नाम पर उसके साथ धोखाधड़ी की है। मामले की जांच की जा रही है।

- **सत्यप्रकाश तिवारी,** सीएसपी, भिलाई नगर

### सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी निगम कर्मी गौतम साहू हटाए गए

**दुर्ग।** सोशल मीडिया के माध्यम से एक महिला को फोन पर आपत्तिजनक वाट्सएप मैसेज भेजने वाले निगम के कर्मचारी गौतम साहू को निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने हटा दिया है। गौतम साहू प्लेसमेंट के माध्यम से निगम में आयुक्त के निज सहायक के पद पर काम कर रहा था। इस मामले को लेकर विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पहले निगम पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान कथित रूप से आरोपी से मारपीट की भी बात सामने आई है। मामले की शिकायत निगम आयुक्त से भी की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी धर्म, आस्था एवं सामाजिक भावनाओं को आहत करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासकीय कार्य में अनुशासन एवं मर्यादा बनाए रखना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर संबंधित कर्मचारी गौतम साहू को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है।

### दिन में दो बार अंधड़, हल्की बारिश भी हर घंटे हो रही बिजली बंद, लोग परेशान

**भिलाई।** शनिवार को मौसम दिनभर बदलता रहा। सुबह से तेज धूप, दोपहर को बदली और अपरान्ह अंधड़ चली। उसके बाद रात करीब 7.40 बजे फिर से अंधड़ चली और हल्की बारिश भी होने लगी। आसमान पर काले बादल छाए रहे। ऐसा लगने लगा कि जमकर बारिश होगी। इस बदलाव की वजह से ट्विनसिटी का पारा नीचे गिर गया। अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस आ पहुंचा है जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। पिछले तीन दिनों से मौसम में परिवर्तन चल रहा है। हर दिन अंधड़ चल रही है। जिसकी वजह से बिजली सप्लाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। ट्विनसिटी में लोग कभी भी बिजली बंद होने की समस्या से जूझ रहे हैं। दिन में मौसम साफ होने के बाद भी बिजली बंद की जा रही है।

## शांतिपूर्ण नवागढ़ विधानसभा का बलौदाबाजार जैसे माहौल बिगाड़ने का कांग्रेस का प्रयास नहीं होगा सफलः अजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

नवागढ़ झिरिया में कांग्रेस के प्रदर्शन असफल बताते हुए भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन को शांतिपूर्ण नवागढ़ विधानसभा का बलौदाबाजार जैसे माहौल बिगाड़ने का कांग्रेस द्वारा प्रयास बताया गया है। साथ ही कहा कि भाजपाइयों के विरोध के कारण प्रदर्शन असफल रहा और बड़े कांग्रेस नेताओं को बीच में लौटना पड़ा।

- भाजपा के विरोध के बाद कांग्रेस नेताओं को लौटना पड़ा
- क्षेत्र की जनता सब समझ रही, उचित समय पर देगी जवाब

उल्लेखनीय है कि बेमेतरा जिले अंतर्गत नवागढ़ विधानसभा के ग्राम झिरिया में युवा कांग्रेस के बैनर तले 300 गायो का मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए नवागढ़ विधायक व खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, पशुपालन मंत्री रामविचार नेताम व गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल की सांकेतिक शव यात्रा का कार्यक्रम कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। उस पर पलटवार करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि कांग्रेस के द्वारा किया गया प्रदर्शन केवल वीडियो बनाने और रीलबाजी करने के लिए किया गया, जिससे जनता का कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस नेता 300 गौ माताओं की मृत्यु होना बता रहे हैं जो शुद्ध रूप से गलत है। कांग्रेस इस बात को प्रमाणित करें। भ्रामक प्रचार कर क्षेत्र के जनमानस के बीच शांति और सौहार्द का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा जो गलत व दुःखद है। यह कांग्रेस की स्तरहीन राजनीति की पहचान है।

#### विधानसभा क्षेत्र की जनता समझ रही, देगी जवाबः बारले

सोसाइटी अध्यक्ष केहर साहू ने कहा कि अपने पिता तुल्य जो क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता मंत्री दयालदास बघेल का गुरुदयाल बंजारे द्वारा शव यात्रा निकलवाना उनकी राजनीतिक सोच और सत्ता के प्रति बौखलाहट को स्पष्ट करता है। भाजपा नेता प्रेमशंकर बारले ने कहा कि कांग्रेसियों की ओछी हरकत और कृत्य को नवागढ़ विधानसभा की जनता देख रही और समझ रही है। चाहे वह पुतला दहन हो या शव यात्रा इस तरह के कृत्य का करारा जवाब देने हेतु नवागढ़ विधानसभा की जनता तैयार है। भाजपा नेता लव सोनवानी ने कहा कि पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे को क्षेत्र की जनता ने नवागढ़ विधानसभा चुनाव में नकार दिया है। अब चाहे वे कुछ भी करें जनता समझ रही है।

#### भाजपा के विरोध से भागना पड़ा कांग्रेस नेताओं कोः प्रनीश

भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रनीश रजक ने कहा कि कांग्रेस का प्रदर्शन पूर्णरूप से असफल रहा। शव यात्रा निकालने के पूर्व ही भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ताओ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, जिससे कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव को कार्यक्रम पूरा किये बिना ही भागना पड़ा। प्रनीश रजक ने कहा कि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव बलौदाबाजार में आगजनी मामले के जेल भी जाना पड़ा था, जिसका कच्चा चिट्ठा मंत्री दयालदास बघेल ने खोला था। इसलिए उनके क्षेत्र में आकर देवेंद्र यादव द्वारा बलौदाबाजार जैसा माहौल ख़राब करने का कार्य किया जा रहा है। बालसमुंद मंडल अध्यक्ष हवेन्द्र वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस स्तरहीन राजनीति कर रही है।

#### कांग्रेस वजूद बचाने का कर रही प्रयासः वर्मा

भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय वर्मा ने कहा कि केरल में बीच सड़क में गौमाता की हत्या करने वाले आज गौरक्षा की बात कर रहें हैं। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बच गया है, वह अपना वजूद बचाने का प्रयास कर रही है। इस तरह के प्रदर्शन का जवाब देने हेतु भाजपा युवा मोर्चा तत्पर है। कमलेश साहू मंडल महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व क्षेत्रीय विधायक गुरुदयाल बंजारे ने अपने समर्थकों के कृत्यों को छुपाने के लिए इस तरह का प्रदर्शन करवा रहे हैं। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने कहा कि सामाजिक शांति को ख़राब करने का प्रयास कांग्रेस कर रही है। इस षड्यंत्र को नवागढ़ विधानसभा की जनता समझ रही है। भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कौशल सिन्हा ने कहा कि नवागढ़ का माहौल ख़राब करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर करायी जाएगी।

### खतरनाक तरीके से बना रहे थे रील, आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** सड़क पर खतरनाक ढंग से इंस्टाग्राम के लिए रील बनाने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मोबाइल व्हाट्सएप के माध्यम से वीडियो मिला। जिसमें पावर हाउस बस स्टैंड के पास रायपुर-दुर्ग मुख्य मार्ग पर बाइक एवं बुलेट वाहन चालक ने इंस्टाग्राम रील बनाने केतेज एवं लापरवाहीपूर्वक खतरनाक तरीके से वाहन चलाते वीडियों मिला था।

## लापता लोगों को खोजने वाले टीआई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जिले में लंबे समय से लापता हुए लोगों के लिए पुलिस ने 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक राज्यव्यापी विशेष अभियान ऑपरेशन तलाश चलाया गया। इस दौरान अभियान के तहत कुल 683 लापता व्यक्तियों, बच्चों को सुरक्षित दस्तयाब किया। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जामुल, स्मृति नगर चौकी 48-48, थाना पुरानी भिलाई 46 लापता सुरक्षित बरामद किए गए। उत्कृष्ट कार्य के लिए थाना प्रभारी जामुल रामेन्द्र सिंह, प्रभारी स्मृति नगर चौकी राजेश साहू , थाना प्रभारी पुरानी भिलाई अम्बर भारद्वाज को एसएसपी विजय अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**नगर पंचायत कुसमी में 2.20 करोड़ के 60 विकास कार्यों का भूमिपूजन**

# आलोचना नहीं, समाधान की दिशा में बढ़ना चाहिएः सांसद विजय बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



नगर पंचायत कुसमी में शुक्रवार 09 मई 2026 को विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा स्वीकृत 220.16 लाख रुपये की लागत के 60 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद विजय बघेल रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पंचायत कुसमी के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, सेवा सहकारी समिति कुसमी के अध्यक्ष बृजमोहन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि किसी भी कार्य में अनेक प्रकार की समस्याएं आती हैं, लेकिन हमें आलोचना की बजाय समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से नगर के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को बेहतर और व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक मांगों को शीघ्र स्वीकृति दी जा रही है। इसी क्रम में नगर पंचायत कुसमी को भी तेजी से विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध हो रही है।

कार्यक्रम में लोक धरोहर सांस्कृतिक मंच द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। मंचन का निर्देशन लीलाधर साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पार्षद समीर साहू, जगमोहन दास, हीरा दिनेश साहू, मंजू दीपक यादव, यामिनी दुनाल साहू, रमशिला साहू, राजकुमारी साहू सहित सीएमओ श्रवण गभने उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ताकेश्वर साहू ने किया।

